बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–तक0को0–312/2018 9030

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी
लखीसराय।

पटना, दिनांक :–10-06-2020

विषयः– विशेष सर्वेक्षण के लिए प्रस्तावित शिविरों एवं सम्बद्ध मौजों के संबंध में टिप्पणी उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के ज्ञापांक–1600 दिनांक–20.09.2019 द्वारा आपके जिलों में प्रथम चरण में भू–सर्वेक्षण का कार्य कराया जाने संबंधी आदेश पूर्व से संसूचित है। इस क्रम में निदेशालय स्तर से जिलावार एवं अंचलवार शिविरों की संख्या एवं उन शिविरों के साथ संबंद्ध राजस्व मौजों का विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है। साथ ही उक्त सूची की सॉफ्ट कॉपी भी आपको ई–मेल द्वारा भेजी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि शिविरों के साथ नगर निकाय क्षेत्र का मौजा, असर्वेक्षित क्षेत्र का मौजा एवं टोपोलैण्ड को सम्मिलित नहीं किया जाना है।

संलग्न सूची में किसी प्रकार के परिवर्त्तन की आवश्यकता हो तो भेजे गई सूची का सॉफ्ट कॉपी में तद्नुसार सुधार कर दिया जाए। साथ ही सुधार संबंधी तथ्यों को 14 दिनों के अंदर प्रतिवेदित करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करा दिया जाए। अन्यथा, निदेशालय द्वारा तैयार की गई शिविर की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

अनुलग्नक– यथोक्त की सॉफ्ट कॉपी।

विश्वासभाजन

9/6/20

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय,
बिहार, पटना।